एक सप्ताह में ही सीसी सड़क पर आई दरारें

अलवर। लक्ष्मणगढ़ नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर एक स्थित सूरजगढ़ में राजकीय विद्यालय से कफनवाड़ा गांव तक बन रही सीसी सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने का आरोप लगा है। सड़क निर्माण में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए विभागीय अधिकारियों से जांच कराने की मांग की है। एडवोकेट प्रहलाद चंद चौधरी ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यकारी एजेंसी की ओर से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा हुए अभी एक सप्ताह भी नहीं हुआ है और सड़क पर जगह-जगह दरारें दिखाई देने लगी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण में हल्की गुणवत्ता की बजरी और सीमेंट का इस्तेमाल किया गया है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी से न केवल आमजन को परेशानी होगी, बल्कि सरकारी धन का भी नुकसान होगा। इस संबंध में एडवोकेट प्रहलाद चौधरी ने विभाग के कनिष्ठ अभियंता को फोन पर शिकायत की थी, लेकिन आरोप है कि अब तक कोई विभागीय अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से नवनिर्मित सडक की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराने की मांग की ।

राजगढ़ में बारिश के बीच भी मतदान करने पहुंचे ग्रामीण

गोला का बास में वर्षा से मतदान केंद्र पर पानी टपकने की जानकारी मिली

राजगढ़। उपखंड क्षेत्र के पंचायत समिति राजगढ़ के तहत 41 ग्राम पंचायतों में सरपंचों पंचों के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए। शुक्रवार प्रात काल से उपखंड क्षेत्र में चला रिमझिम एवं तेज बारिश का दौर दिन भर जारी रहा। इसके चलते सरपंच प्रत्याशियों एवं समर्थकों सहित मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पडा। दूसरी और बुजुर्ग एवं बीमार मरीजों ने भी गांव की सरकार चुनने के लिए लोकतंत्र के महा यज्ञ में वोट की आहुति देने को उत्सुक नजर आए। राजगढ क्षेत्र में लगातार वर्षा से गोला का बास में मतदान केंद्र पर पानी टपकने, मोतीवाडा मतदान केंद्र पर कीचड जमा होने एवं चिकनी मिट्टी से पुलिस की गाडी फस गई। दूसरी ओर अनेक मतदान क्रन्दों पर पानी भरा हो एवं गीली मिट्टी के कारण मतदाताओं एवं अधिकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मतदान केदो के बाहर समर्थक छाता लगाकर मतदाताओ से मनुहार करते रहे। इधर जनरल मजिस्ट्रेट एवं पुलिस सुपरवाइजरी अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी मतदान केदो का दौरा कर जायजा लेते रहे। बारिश के कारण मतदान में खलल पड़ा

- शुक्रवार सुबह से उपखंड क्षेत्र में रिमझिम व तेज बारिश का दौर दिन भर जारी रहा। इससे मतदाताओं को परेशानी भी हुई।



राजगढ़ क्षेत्र की 41 ग्राम पंचायतों में सरपंचों पंचों के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए।

युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति : रामस्वरूप मीणा

निवाई। कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में फिट युवा, नशा मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने, नियमित व्यायाम एवं खेलकूद को अपनाने एवं नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। अभियान के माध्यम से युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली, सकारात्मक सोच एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण के प्रति जागरूकता विकसित करने का संदेश दिया जाएगा। महाविद्यालय के डीन डॉ. रामस्वरूप मीणा ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। युवाओं का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना एवं नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। स्वस्थ शरीर, सकारात्मक सोच एवं अनुशासित जीवनशैली ही एक सशक्त समाज एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण का आधार हैं। उन्होंने युवाओं से इस अभियान को जन-जागरूकता का व्यापक आंदोलन बनाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने युवाओं को नशा मुक्त की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों को कार्यक्रम में सक्रिय एवं अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सार-समाचार

मिट्टी के दीपक बनाने वाले हाथों का सम्मान कीजिए : लक्ष्मी जैन



टोंक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' संदेश को साकार करने की पहल, के संदेश को लेकर पूर्व सभापति नगर परिषद लक्ष्मी जैन के नेतृत्व में कई महिलाओं ने मिट्टी के दीपक बनाने वाले मेहनतकश कुम्हारों एवं उनके परिवारजनों का पारंपरिक राजस्थानी साफा बंधवाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर लक्ष्मी जैन ने कहा कि कुम्हार के हाथ केवल दीपक नहीं बनाते, बल्कि हमारी सदियों पुरानी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखते हैं। इसलिए उनकी मेहनत का सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। लक्ष्मी जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 'वोकल फॉर लोकल' संदेश हमें स्थानीय कारीगरों और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की प्रेरणा देता है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की पारंपरिक कला और छोटे कारीगरों को प्रोत्साहित करना हमारी संस्कृति और स्थानीय रोजगार को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। दीपक की कीमत उसकी मिट्टी से नहीं, उसे आकार देने वाले हाथों की मेहनत से तय होनी चाहिए। इस दीपावली दीपक ही नहीं, किसी मेहनतकश परिवार के चेहरे की मुस्कान भी घर लाइए।

टोंक में चुनाव की सूचना आज

टोंक। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा चरणवार चुनाव कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण में आज जिले की 4 पंचायत समितियों निवाई, टोंक, मालपुरा (आंशिक) व टोडारायसिंह में पंचायत समिति सदस्य के पदों के लिए लोक सूचना जारी होगी। पंचायतीराज चुनाव के चौथे चरण के तहत जिले की पंचायत समितियों (निवाई, टोंक, मालपुरा (आंशिक) व टोडारायसिंह) के सदस्यों के लिए शनिवार, 31 अक्टूबर को निर्वाचन की लोकसूचना जारी होगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 4 नवम्बर, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 5 नवम्बर को तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि व समय 6 नवम्बर अपरान्ह 3 बजे तक रहेगा। इसके बाद चुनाव चिन्हों का आंवटन, चुनाव लड़ने वाले अभ्यार्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

स्वच्छता का संदेश देने खुद घर-घर पहुंचे पालिका उपाध्यक्ष

फुलेरा। नगर पालिका उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह शेखावत ने स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से अनूठी पहल की। उन्होंने स्वयं कचरा संग्रहण वाहन को लेकर घर-घर पहुंचकर कचरा एकत्रित किया और नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। उपाध्यक्ष शेखावत ने बताया कि स्वच्छ फुलेरा रखने के लिए जरूरी है कि प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझे और अपने घरों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र को भी साफ-सुथरा रखे। उन्होंने आमजन से अपील की कि कचरा इधर-उधर नहीं फेंकें, बल्कि कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। जनसहयोग से ही फुलेरा को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जा सकता है।

छात्रवृत्तियों की जानकारी दी

चौमूं / कालाडेरा। सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालाडेरा में राजस्थान राज्य महिला नीति प्रकोष्ठ एवं रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित कल्याणकारी राजकीय योजनाओं तथा छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रसार वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जयभारत सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में संदर्भ वार्ताकार प्रो. अमिता कुमारी ने महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण, सुरक्षा, शिक्षा, स्वावलंबन तथा सामाजिक सशक्तीकरण से जुड़ी विभिन्न राजकीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए इनके उद्देश्यों, पात्रता एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं से सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिकाधिक लाभ उठाने तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का आव्हान किया। इसी क्रम में वार्ताकार डॉ. नीतू यादव ने केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रचलित छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में छात्राओं को विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने विभिन्न छात्रवृत्तियों की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एवं आवेदन करते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी देते हुए कहा कि छात्रवृत्तियाँ आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान करने के साथ ही उच्च शिक्षा के अवसरों को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

गांवों में दिखा लोकतंत्र का उत्सव

पावटा। पंचायत आम चुनाव-2026 के तहत पंचायत समिति पावटा क्षेत्र की 30 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही उत्साह का माहौल देखने को मिला। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही बनी रही। ग्रामीणों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर गांव की सरकार चुनने में भागीदारी निभाई। गांवों में लोकतंत्र का उत्सव नजर आया तो प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में भी चुनाव को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। चुनाव शाखा प्रभारी सत्यदेव ने बताया कि सरपंच पद के लिए कुल 341 नामांकन प्राप्त हुए थे। नाम वापसी के बाद 250 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। वहीं, वार्ड पंच पदों के लिए 515 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें नाम वापसी के बाद 473 प्रत्याशी मैदान में रहे। इनमें से 157 वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए। मतदान के आंकड़ों के अनुसार सुबह 7 से 10 बजे तक 17.21 प्रतिशत, सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक 46.69 प्रतिशत तथा दोपहर 1 से 3 बजे तक 62.47 प्रतिशत, दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक 81.88 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मतदान केंद्रों पर चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन एवं पुलिस की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। चुनाव के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अपर्णा गुप्ता एवं जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेरी बांध (पावटा) स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मतदान व्यवस्था, सुरक्षा इंतजामों एवं चुनाव प्रक्रिया का जायजा लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

बरसात के कारण देरी से दिखा चांद

मनोहरपुर । करवाचौथ अब सिर्फ पत्नियों का ही नहीं, पतियों का भी पर्व बन गया है। मनोहरपुर, शाहपुरा क्षेत्र में आज कई ऐसे पति देखे गए जो अपनी पत्नियों की खातिर खुद निर्जला व्रत रखे हुए थे। सुबह से ही पति अपनी पत्नियों का ख्याल रखते नजर आए। बाजार में पति अपनी पत्नियों के लिए साडी, ज्वेलरी, चूडा और मनपसंद गिफ्ट खरीदते देखे गए। भामाशाह विमल केशुका ने बताया, रिश्ता दो तरफा है, जब वो मेरी लंबी उम्र के लिए व्रत रख सकती हैं, तो मैं क्यों नहीं। शाम होते-होते मौसम ने करवट ली। हल्की बरसात और बादलों के कारण चाँद अपने तय समय 8:17 बजे से काफी देर बाद नजर आया। करीब 9:30-10:00 बजे तक बादलों के पीछे से चाँद दिखा। चाँद के इंतजार में महिला-पुरुष छतों पर टकटकी लगाए खडे रहे।

अलवर में भाजपा का 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पैदल मार्च आज

अलवर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार, 31 अक्टूबर को अलवर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पैदल मार्च निकाला जाएगा। राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल होंगे और पैदल मार्च का नेतृत्व करेंगे। कार्यक्रम को लेकर भाजपा की ओर से तैयारियां की जा रही हैं।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में जिलेभर से पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 2:30 बजे सभी कार्यकर्ता रिवाज रिसोर्ट में एकत्रित होंगे। यहां से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, अलवर सांसद एवं केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, राजस्थान के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता के नेतृत्व में पैदल मार्च रवाना होगा। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शहीद स्मारक पहुंचेगी।

- निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार दोपहर 2:30 बजे सभी कार्यकर्ता रिवाज रिसोर्ट में एकत्रित होंगे

शहीद स्मारक पहुंचने पर भाजपा नेता और कार्यकर्ता शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद आयोजित सभा को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम में जिले के सभी विधायकों, पूर्व विधायकों, विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों, महापौर, उपमहापौर, नगर पालिका अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। भाजपा की ओर से इस पैदल मार्च में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की तैयारी की जा रही है।

अलवर के रेल विकास को लेकर डॉ. सतीश पूनिया को भेजा पत्र, चार प्रमुख मांगें उठाई

अलवर। अलवर क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार और नई रेल सेवाएं शुरू करवाने की मांग को लेकर रेल विकास संघर्ष समिति ने राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सतीश पूनिया को पत्र भेजा है। समिति ने पत्र के माध्यम से चार प्रमुख मांगें उठाते हुए इन्हें रेल मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने का आग्रह किया है।

समिति के अध्यक्ष कमल कान्त खड़िया ने बताया कि अलवर और आसपास के क्षेत्रों में यात्रियों की संख्या तथा बेहतर रेल कनेक्टिविटी की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। इसके बावजूद कई महत्वपूर्ण रेल सुविधाएं लंबे समय से लंबित हैं। इसी को देखते हुए समिति ने क्षेत्र के रेल विकास से जुड़ी मांगों को सांसद के समक्ष रखा है।

समिति ने अलवर बाईपास रेललाइन पर आधुनिक सैटेलाइट स्टेशन विकसित करने की मांग की है। इससे चुनिंदा ट्रेनों को अलवर जंक्शन में प्रवेश किए बिना बाईपास मार्ग से संचालित किया जा सकेगा। इससे जंक्शन पर ट्रेनों का दबाव कम होने के साथ इंजन की दिशा बदलने में लगने वाले समय की बचत होगी और नई रेल सेवाओं के संचालन की संभावनाएं बढ़ेंगी। समिति ने अलवर-गोवर्धन-मथुरा रेलमार्ग से हावड़ा/कोलकाता, अयोध्या, वाराणसी, रीवा, झांसी, ग्वालियर और भोपाल के लिए नई लंबी दूरी की ट्रेनें शुरू करने की मांग की है। इससे रामगढ़, गोविंदगढ़, बृजनगर, डीग और गोवर्धन सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिल सकेगी। साथ ही धार्मिक पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा । समिति ने अलवर से दौसा, गंगापुर सिटी और कोटा होते हुए इंदौर एवं उज्जैन के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने का प्रस्ताव भी दिया है। इससे राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा तथा व्यापारिक और धार्मिक यात्राओं पर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। समिति ने गाडी संख्या 12957/12958 स्वर्ण जयंती राजधानी एक्सप्रेस का अलवर जंक्शन पर दो मिनट का ठहराव देने की मांग भी उठाई है।

- बाईपास रेललाइन पर सैटेलाइट स्टेशन, नई लंबी दूरी की ट्रेनें और राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग, रेल मंत्रालय से पहल का आग्रह

समिति का मानना है कि इस ट्रेन के ठहराव से अलवर के यात्रियों को जयपुर, अजमेर, आबू रोड और अहमदाबाद के लिए तेज रेल यात्रा का विकल्प मिल सकेगा। समिति अध्यक्ष कमल कान्त खड़िया ने कहा कि अलवर क्षेत्र के लाखों नागरिक बेहतर रेल सुविधाओं की अपेक्षा रखते हैं। इन मांगों पर अमल होने से यात्रियों को सुविधा मिलने के साथ क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। समिति ने डॉ. सतीश पूनिया से इन मांगों को प्राथमिकता के आधार पर रेल मंत्रालय के समक्ष उठाकर इनके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक पहल करने का आठाह किया है।

ट्रेन को पुनः प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर लेने की मांग

फुलेरा। जयपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12466 जोधपुर-इंदौर इंटरसिटी रणथंभौर एक्सप्रेस का प्लेटफॉर्म बदलने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत, फुलेरा की ओर से स्टेशन डायरेक्टर जी.पी. गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। संघ अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि उक्त ट्रेन पिछले कई वर्षों से जयपुर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर आती थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों से इसे प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर लिया जा रहा है।

इससे दैनिक रेल यात्रियों के साथ महिलाओं, बुजुर्गों और अन्य यात्रियों को पुलिया चढ़कर तथा घूमकर ट्रेन तक पहुंचने में काफी परेशानी होती है। ज्ञापन में बताया गया कि प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर निर्माण कार्य चलने तथा प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर मालगाड़ियों के पार्सल से संबंधित सामान पडे रहने के कारण यात्रियों की मुश्किलें बढ रही हैं। दीपावली के त्योहार के चलते यात्रियों की भीड़ बढ़ने से समस्या और गंभीर हो गई है।

मतदाताओं से सौ फीसदी वोट डालने की अपील

भरतपुर (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने पंचायत राज आम चुनाव-2026 के तहत जिले के सभी मतदाताओं से निर्धारित मतदान तिथियों पर अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की अपील की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपनी अपील में कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है तथा लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति आम नागरिकों के मत में निहित है। निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत मतदान संवैधानिक अधिकार के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी भी है। मतदान के माध्यम से ही मतदाता अपनी पसंद के योग्य जनप्रतिनिधि का चयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत राज आम चुनाव-2026 के तहत तृतीय चरण में पंचायत समिति वैर, बयाना, भुसावर एवं नदबई में जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य के लिए मतदान 3 नवम्बर, मंगलवार को तथा पंच एवं सरपंच पदों के लिए मतदान 5 नवम्बर, गुरुवार को होगा। इसी प्रकार चतुर्थ चरण के तहत पंचायत समिति उच्चौन, सेवर एवं रूपवास में जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य के लिए मतदान 14 नवम्बर, शनिवार को तथा पंच एवं सरपंच पदों के लिए मतदान 16 नवम्बर, सोमवार को निर्धारित किया गया है ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी मतदान दिवसों पर मतदान का समय प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा। मतदाता मतदान के लिए फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित 11 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, पेंशन दस्तावेज, बैंक एवं पोस्ट ऑफिस की फोटोयुक्त पासबुक, सांसदों एवं विधायकों को जारी प्रमाण-पत्र, केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी सर्विस पहचान-पत्र, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा कार्ड तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जारी दिव्यांग पहचान पत्र शामिल हैं।

फर्जी सिम का सप्लाई चेन ध्वस्त, डीग पुलिस ने दबोचे दो सप्लायर

डीग भरतपुर (निसं)। साइबर ठगी की जड़ पर वार करते हुए डीग पुलिस ने ठगों तक सिम कार्ड पहुंचाने वाले नेटवर्क के दो अहम किरदारों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ कांबले के निर्देशन में जिले में चल रहे विशेष अभियान ऑपरेशन काउण्टडाउन के तहत यह कार्रवाई हुई । ललित मोहन 26 बर्ष पुत्र राजवीर सिंह, जाटव, निवासी एस.पी.जी. रोड, एका, जिला फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश)। एयरटेल व वीआई की सिमों का पीओएस संचालक है। इसे फिरोजाबाद क्षेत्र के एटा चौराहे से दस्तयाब किया गया। वसीम अकरम 24 बर्ष पुत्र फकरुद्दीन मेव, निवासी सालपुर, थाना अरावली विहार, अलवर। इसे आमोली टोल के पास से पकडा गया।दोनों आरोपी साइबर ठगी के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे थे। पूछताछ में सामने आया कि ललित मोहन नई सिम जारी करने और सिम पोर्ट कराने की प्रक्रिया का दुरुपयोग करता था। वह एक ही व्यक्ति के नाम पर दो सिम कार्ड जारी करवाता था। एक सिम संबंधित व्यक्ति को दे दी जाती, जबकि दूसरी अपने पास रखकर आगे बेच दी जाती थी। इसके बदले उसे पैसे मिलते थे। नशे के आदी, पैसों के जरूरतमंद और अन्य लोगों की आईडी व अंगूठे के निशान से भी सिम निकलवाकर वह ठगों तक पहुंचाता था। ललित और पहले गिरफ्तार किए जा चुके सूरज बघेला से सिम लेने के बाद वसीम अकरम इन्हें अलवर, नगर, पहाड़ी, कामां और हरियाणा क्षेत्र के साइबर ठगों को बेचता था। वह करीब 700 से 900 रुपये में सिम खरीदकर ठगों को 1500 से 2500 रुपये में सप्लाई करता था। यानी सिम जारी होने से ठगों के हाथ पहुंचने तक कई स्तरों पर लेन-देन होता था। इस प्रकरण में पहले ही 34 फर्जी सिम कार्ड जब्त किए जा चुके हैं।ललित मोहन अब तक सूरज बघेला के माध्यम से और सीधे वसीम अकरम को करीब 250 फर्जी सिमबेच चुका है। ललित से सिम जारी करने में इस्तेमाल होने वाली डेमो सिम बरामद हुई है, जिसका उपयोग कई साइबर ठगी की वारदातों में होना सामने आया है। थाना डीग कोतवाली के सउनि अजय यादव मय जाब्ता एका फिरोजाबाद पहुंचे, जबकि हैड कांस्टेबल राकेश कुमार की टीम भरतपुर क्षेत्र में तलाश के लिए रवाना हुई। साइबर सैल से मिले तकनीकी इनपुट के आधार पर संभावित ठिकानों पर दबिश देकर दोनों को पकडा गया। पूछताछ में आरोपियों की संलिप्तता प्रमाणित पाए जाने पर दोनों को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में सिम की डिलीवरी करने वाले और ठगी को अंजाम देने वाले आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं। अब सिम उपलब्ध कराने वाली कडी भी टूटी है। पुलिस आरोपियों से सिम जारी करवाने के तरीके, आर्थिक लेन-देन, अन्य संलिप्त लोगों और ठगी की विभिन्न वारदातों में सिमों के उपयोग को लेकर विस्तृत पूछताछ कर रही है।

- एक आईडी पर दो सिम का खेल, 250 फर्जी सिम बेच चुका था फिरोजाबाद का ललित, 700 की सिम 2500 में बेचता था अलवर का वसीम

सवाई माधोपुर की 4 पंचायत समितियों के सदस्यों के चुनाव की सूचना आज

सवाई माधोपुर । राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं में आम चुनाव-2026 के लिए घोषित कार्यक्रम के तहत जिले में चौथे चरण की चार पंचायत समितियों (सवाई माधोपुर, चौथ का बरवाडा, गंगापुर सिटी, वजीरपुर) के सदस्य पदों के निर्वाचन हेतु लोक सूचना शनिवार, 31 अक्टूबर को जारी होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अुनसार सवाई माधोपुर जिले में चौथे चरण के पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के दौरान सवाई माधोपुर, चौथ का बरवाड़ा, गंगापुर सिटी, वजीरपुर पंचायत समितियों के निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचन होगा। राजस्थान पंचायतीराज (संशोधन) अधिनियम के तहत इस बार चुनाव लडने हेतु संतान संबंधी बाध्यता/प्रतिबंध को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम व्यय सीमा संशोधित की गई है। पंचायत समिति सदस्य के लिए 1.50 लाख रुपये तथा सरपंच के लिए 1 लाख रुपये अधिकतम व्यय सीमा निर्धारित की गई है । उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि चौथे चरण के लिए पंचायत समिति सदस्य पदों के निर्वाचन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 58 के अंतर्गत निर्वाचन की लोक सूचना शनिवार, 31 अक्टूबर को जारी की जाएगी। बुधवार, 4 नवंबर को अपरान्ह 3 बजे तक (सार्वजनिक अवकाशों को छोड़कर) नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि है। इसी कड़ी में गुरुवार, 5 नवंबर को नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। शुक्रवार, 6 नवंबर को अपरान्ह 3 बजे तक अभ्यर्थिता वापस ली जा सकेगी। नाम वापसी के समय समाप्ति के तुरंत बाद 6 नवंबर को चुनाव प्रतीकों का आवंटन और चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में पंच व सरपंच पद के निर्वाचन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 23 सपठित 56 के अंतर्गत निर्वाचन की लोक सूचना चौथे चरण के लिए शनिवार, 31 अक्टूबर को जारी की जाएगी। चौथे चरण के लिए रविवार, 15 नवंबर को नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

किसानों को करीब 345 करोड़ रुपये के फसल बीमा दावों का भुगतान

कोटपूतली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात देते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग 345 करोड़ रुपये के लंबित फसल बीमा दावों का भुगतान किया है। इस पहल से प्राकृतिक आपदाओं, सूखे एवं प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण फसल नुकसान झेलने वाले किसानों को बड़ी आर्थिक राहत मिली है। लंबे समय से लंबित बीमा दावों का निस्तारण होने से किसानों को आर्थिक संबल प्राप्त हुआ है। कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन एवं कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा लंबित फसल बीमा दावों के निस्तारण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जयपुर, कोटपूतली-बहरोड़, बाड़मेर, बीकानेर, जोधपुर, पाली, सिरोही, चूरू, जालौर एवं डूंगरपुर जिलों के पात्र बीमित किसानों के दावों के भुगतान की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

बावड़ी मंदिर के पास निर्माण कार्य बना परेशानी का सबब



पावटा में बावड़ी मंदिर के पास निर्माण कार्य के कारण राजमार्ग 48पर लगा जाम लगा रहता है।

पावटा। कस्बे में बावड़ी मंदिर के पास चल रहे निर्माण कार्य के चलते बारिश के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 48 व सर्विस रोड की सड़कों पर पानी भर गया। जलभराव के कारण रास्ते पर आवागमन प्रभावित हुआ और वाहनों की लंबी कतार लगने से जाम की स्थिति बन गई।

इस दौरान राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण कार्य के चलते बारिश के पानी की निकासी बाधित होने से सड़क पर पानी जमा हो गया। पानी भरने के कारण दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को निकलने में भी दिक्कत हुई। वहीं, जाम के चलते वाहन चालकों को काफी देर तक इंतजार करना पडा। लोगों ने निर्माण कार्य करवाने वाले जिम्मेदारों से मांग की है कि निर्माण के दौरान जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश होने पर सड़क पर जलभराव और जाम की समस्या उत्पन्न नहीं हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के साथ आमजन की सुविधा और यातायात व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

- जलभराव से राहगीरों और वाहन चालकों को हुई परेशानी, निर्माण कार्य के दौरान जल निकासी की व्यवस्था पर उठे सवाल